# ठगी के पांच लाख रुपये वापस कराए

**बलरामपुर।** साइबर अपराधियों के झांसे में आकर निवेश के नाम पर पांच लाख रुपये से अधिक गंवाने वाले युवक के लिए राहत भरी खबर रही। साइबर थाना पुलिस की महज तीन दिन के भीतर ठगी गई पूरी रकम पांच लाख सात हजार 629 रुपये की धनराशि उसके बैंक खाते में वापस करा दी गई।

रवि चंद्र सोनी ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि अधिक मुनाफे का लालच देकर ठगों ने उनसे पांच लाख सात हजार रुपये अपने खातों में स्थानांतरित करा लिए।